# यूको कामाख्या दर्पण

गुवाहाटी अंचल की छमाही गृह पत्रिका

वर्ष : 6 अंक : 1. अप्रैल-सितंबर, 2023



यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**यूको बैंक**

**UCO BANK**

# सुरक्षा परामर्शी:
## फर्जी क्रेडिट संदेशों से सावधान रहें

**099XXXXXXX**

YOUR XYZ BANK a/c no.xxxxxxxx0055 is credited with Rs. 49,000 on 05-09-2023 Through IMPS reference no. 10025666666.



## घोटाले की चेतावनी !!

**घोटालेबाजों ने लोगों के खातों में पैसे भेजे जाने की फर्जी सूचना भेजकर उन्हें ठगने की एक नई रणनीति बनाई है।**

## जालसाजों द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीकें

### छद्मरूप धारण
घोटालेबाज अक्सर बैंक अधिकारी रूप धरकर 10 अंकों वाले मोबाइल संख्या से संदेश भेजते हैं और बताते हैं कि अमुक राशि उनके बैंक खाते में जमा कर दी गई है।

### गलत पुष्टि
संदेश में अक्सर वास्तविक तथ्य बताते हुए झूठे लेनदेन की पुष्टि की जाती है जैसे पर्याप्त राशि जमा कर दी गई है।

### तात्कालिकता
घोटालेबाज व्यक्तियों को शीघ्रता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तात्कालिकता का भाव पैदा करते है, जैसे बहुमूल्य वस्तुएं या व्यक्तिगत/ संवेदनशील/ वित्तीय विवरण साझा करना।

### शोषण
घोटालेबाज खाते में राशि जमा होने के प्रमाण की पुष्टि के लिए केवल टैक्स मैसेज पर भरोसा करने की हमारी प्रवृति का फायदा उठाते हैं ।

## साइबर सुरक्षा हेतु सर्वोत्तम आचरण

- ✗ अज्ञात प्रेषक आईडी/10 (दस) संख्या वाले मोबाइल से भेजे गए लेनदेन संबंधी एसएमएस पर कभी भरोसा न करें।
- ✓ संदेश में दावा किए गए किसी भी लेनदेन के दावों को हमेशा अद्यतन खाता विवरण से सीधे सत्यापित करें या खाता विवरण और शेष राशि की जांच करने के लिए बैंक की आधिकारिक डिजिटल चैनलों जैसे एम बैंकिंग ऐप या इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल का उपयोग करें।
- ✗ कभी भी शीघ्रता/भरोसे/डर या किसी अजनबी के कहने के आधार पर कोई कार्य न करें या निर्णय न लें।
- ✗ अज्ञात व्यक्तियों को बहुमूल्य वस्तुएं न भेजें तथा व्यक्तिगत/ संवेदनशील/वित्तीय जानकारी साझा न करें।
- ✓ बैंक खाता या विवरण की निगरानी नियमित रूप से करें। यदि कोई संदेहास्पद लेनदेन ध्यान में आता है तो तत्काल संबंधित बैंक/ शाखा को इसकी रिपोर्ट करें।


**साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in करें या सहायता हेतु 1930 पर कॉल करें।**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**CISO OFFICE**

सुरक्षा परामर्शी 110A दिनांक 07.09.2023





# यूको कामाख्या दर्पण

वर्ष : 6. अंक : 1 . अप्रैल-सितंबर, 2023

**संरक्षक**

**बाप्पादित्य चटर्जी**

**सुनीत कुमार झा**

उप महाप्रबंधक अंचल प्रमुख

**दिग्दर्शन**

**ख्रिली पिन्यू**

उप अंचल प्रमुख

**संपादक**

**विशाल कुमार**

वरिष्ठ प्रबंधक -राजभाषा


नोट : पत्रिका में व्यक्त विचार लेखकों के हैं, बैंक के नहीं ।

| विषय-वस्तु | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| माननीय गृह मंत्री का संदेश | 4 |
| एमडी एवं सीईओ का संदेश | 6 |
| अंचल प्रमुख का संदेश | 7 |
| संपादकीय | 8 |
| व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल | 9-11 |
| दैनिक कार्यों में प्रयुक्त होनेवाली टिप्पणियाँ | 12-13 |
| राजभाषा कीर्ति पुरस्कार : 2022-23 | 14 |
| कविता : तेरे पायल की रुनझुन | 15 |
| बैंकिंग लेख | 16-18 |
| डॉ. बी आर अंबेडकर की 132वीं जन्म-जयंती | 19 |
| एंश्योरेंश चैनल पार्टनर | 20 |
| हिंदी कार्यशाला एवं पत्रिका विमोचन | 21 |
| एमएसएमई ग्राहकों के साथ बैठक | 22 |
| स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन | 24 |
| तृतीय ऑल असम पैरा स्पोर्ट्स मीट | 25 |
| अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन | 26-27 |
| पीएम स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर सम्मान कार्यक्रम | 28 |
| वाकाथन | 29 |
| नराकास की पहली छमाही बैठक | 30 |
| 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह | 31 |
| विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस : 2023 | 32 |
| कार्यपालक निदेशक का गुवाहाटी दौरा | 33 |
| पूर्व अंचल प्रमुख का विदाई समारोह | 35 |
| हिंदी कार्यशाला, सितंबर :2023 | 36 |
| साइबर जागरूकता दिवस | 37 |
| अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन पुणे | 38-39 |
| हिंदी दिवस 2023 | 40-42 |
| स्वच्छता पखवाड़ा | 43 |
| नन्हें कलाकार | 44 |
| जन्मदिन | 45 |

**प्रकाशन एवं संपर्क**

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, मणिराम देवान रोड,
सिलपुखुरी, गुवाहाटी, 781003, मो : 9798487732
ई-मेल : zoguwahati.ol@ucobank.co.in;

# हिंदी दिवस, 2023 के अवसर पर
# माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का संदेश

**अमित शाह**
**गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री**
**भारत सरकार**

सत्यमेव जयते



प्रिय देशवासियो!

आप सब को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

भारत भाषिक विविधता का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम **'हिंदी'** है। हिंदी भाषा अपनी प्रवृत्ति से ही इतनी जनतांत्रिक रही है कि इसने भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ–साथ कई वैश्विक भाषाओं को यथोचित सम्मान देते हुए उनकी शब्दावलियों, पदों, वाक्य विन्यासों और वैयाकरणिक नियमों को आत्मसात किया है।

हिंदी भाषा ने स्वतंत्रता आन्दोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकता के सूत्र में बाँधने का अभूतपूर्व कार्य किया। अनेक भाषाओं और बोलियों में बँटे देश में ऐक्य भावना से पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। इसीलिए, लोकमान्य तिलक हों, महात्मा गांधी हों, लाला लाजपत राय हों, नेताजी सुभाषचंद्र बोस हों, राजगोपालाचारी हों; हिंदी के शुरुआती पैरवीकारों में बहुसंख्यक उन प्रदेशों के लोग थे, जिनकी मातृभाषाएँ हिंदी नहीं थीं।

किसी भी देश की मौलिक सोच और सृजनात्मक अभिव्यक्ति सही मायनों में सिर्फ उस देश की अपनी भाषा में ही की जा सकती है। प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने लिखा है कि, **"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल।"** यानि कि, अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रकार की उन्नति का मूल है। राष्ट्र की पहचान इस बात से भी होती है कि उसने अपनी भाषा को किस सीमा तक मजबूत, व्यापक एवं समृद्ध बनाया है। यही कारण है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 द्वारा संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और लिपि के रूप में देवनागरी को अपनाया।

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय से वैश्विक मंचों तक यथोचित सम्मान मिला है। हमारी सभी भारतीय भाषाएँ और बोलियाँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं।

अपनी भाषा में सुनी हुई अवांछनीय बातें भी बहुत बुरी नहीं लगती। कवि **विद्यापति** की शब्दावली में कहूँ तो **'देसिल बयना सब जन मिट्ठा'** यानि देशी भाषा सभी जनों को मीठी लगती है। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग निरंतर प्रयत्नशील है कि शहद सामान मीठी भारतीय भाषाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अत्याधुनिक और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाया जा सके।

सरकार और जनता के बीच भारतीय भाषाओं में संवाद स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी तौर पर लागू किया जा सकता है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जन–जन तक उनकी ही भाषा में उनके हित की बात पहुँचाकर आदर्श लोकतंत्र के निर्माण का सबसे अच्छा उदाहरण हो सकता है। राजभाषा विभाग ने इसी उद्देश्य से राजभाषा हिंदी के प्रयोग को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सहज बनाने की दिशा में काम करते हुए स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली **'कंठस्थ'** का निर्माण और विकास किया है। फिजी में संपन्न 'विश्व हिंदी सम्मेलन' में **'न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन'** के साथ इसके नए वर्जन (कंठस्थ 2.0) के मोबाइल ऐप का भी लोकार्पण भी किया गया है।

राजभाषा विभाग की एक नई पहल **'हिंदी शब्द सिंधु'** शब्दकोश का निर्माण है। इस शब्दकोश में संविधान की 8वीं अनुसूची में अधिसूचित भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर इसे निरंतर समृद्ध किया जा रहा है। साथ ही, विभाग ने **'लीला हिंदी प्रवाह'** मोबाइल ऐप भी तैयार किया है, जिसे अपनाकर विभिन्न भाषा–भाषी 14 भारतीय भाषाओं के माध्यम से अपनी–अपनी मातृभाषाओं से स्तरीय हिंदी निःशुल्क सीख सकते हैं।

भाषा परिवर्तन का सिद्धांत यह कहता है कि भाषा जटिलता से सरलता की ओर जाती है। मेरे विचार से हिंदी के सरल और सुस्पष्ट शब्दों को कार्यालयी कामकाज में प्रयोग में लाना चाहिए। टिप्पणी, पत्राचार, ई–मेल, विज्ञप्ति आदि के लिए आम बोलचाल के शब्दों व वाक्यों के प्रयोग से हिंदी के प्रयोग का चलन बढ़ेगा।

हमारे लिए हिंदी का प्रश्न सिर्फ एक भाषा का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान व सांस्कृतिक गौरव का विषय है। मुझे विश्वास है कि राजभाषा विभाग के उपरोक्त प्रयासों से सभी मातृभाषाओं को आत्मसात करते हुए लोकसम्मत भाषा हिंदी विज्ञानसम्मत व तकनीकसम्मत होकर संपन्न राजभाषा के रूप में स्थापित होगी।

पुनश्च, आप सब को हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएं।

(अमित शाह)

**नई दिल्ली,**
**14 सितंबर, 2023**

# हिंदी दिवस, 2023 के अवसर पर
# प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

**अश्वनी कुमार**
**प्रबंध निदेशक एवं**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**



प्रिय यूकोजन,

**आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !**

हिंदी संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोनेवाली और देश की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। अपनी सरलता, वैज्ञानिकता, बोधगम्यता और जीवंतता के कारण यह लोकप्रिय भाषा है। साथ ही एक संपर्क भाषा की भूमिका निभाते हुए यह हमारे विविधतापूर्ण देश को एक सूत्र में बांधती भी है।

सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते अपने रोज़मर्रा के कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग और राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन का दायित्व हम सब का है। चूँकि यह भाषा हमारी भाषिक संस्कृति से पूरी तरह जुड़ी हुई है, अतः हिंदी में मूल कार्य करना बहुत ही आसान है। आप जानते हैं कि हमारा सीधा संबंध जनता से है और हम अपने ग्राहकों का सम्मान करते हुए अपने कारोबार में बने हुए हैं। ग्राहकों से जुड़ाव में भाषा का बहुत महत्व है। इसलिए हमें अपने कारोबार में भाषिक सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए हिंदी के साथ-साथ अन्य प्रादेशिक भाषाओं को भी साथ लेकर चलना चाहिए।

मुझे प्रसन्नता है कि आप सभी के निष्ठावान प्रयास एवं परिश्रम से बैंक ने लगातार तीसरी बार भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कार 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'- तृतीय प्राप्त कर हैट्रिक लगाई है। बैंक के सभी कार्मिक इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

किसी लक्ष्य को प्राप्त कर लेना महत्वपूर्ण तो होता है लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होता है उसे बनाए रखना। आप सभी यूकोजनों में अद्भुत ऊर्जा, उत्साह और क्षमता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी बैंक की लाभप्रदता को निरंतर आगे बढ़ाते हुए बैंकिंग के साथ-साथ राजभाषा को भी सर्वोत्कृष्ट स्तर पर बनाए रखेंगे जिसकी गूंज आने वाले समय में भी गुंजायमान रहेगी।

आइए, आज हिंदी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम बैंकिंग कारोबार के साथ-साथ राजभाषा के लक्ष्यों को भी प्राप्त करते हुए शिखर पर अपना परचम सदैव फहराए रखेंगे।

पुनः हिंदी दिवस की ढेरों शुभकामनाओं सहित,

अश्वनी कुमार

(अश्वनी कुमार)

कोलकाता, 14 सितंबर, 2023

# उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश



प्रिय सहकर्मीगण, नमस्कार !

गुवाहाटी अंचल में कार्य-ग्रहण के पश्चात अंचल की छमाही गृह पत्रिका "यूको कामाख्या दर्पण" के माध्यम से आपसे संवाद करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। गुवाहाटी अंचल की टीम एक सशक्त, संयमित और संतुलित टीम है और अगर यह कहा जाए कि ऐसी टीम के साथ मेरा काम करने का अनुभव बहुत सुखद होनेवाला है तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ।

हमें निरंतर हमारे उच्च प्रबंधन का कुशल मार्गदर्शन मिलता रहा है। आवश्यकता है तो बस सही दिशा में कार्यान्वयन एवं उचित समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की । सफलता के मूल मंत्र यही है।

बैंकिंग दृष्टिकोण से अगर देखें तो हमारा मुख्य उद्देश्य आस्तियों की गुणवत्ता को बनाए रखना तथा बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए सही दिशा में प्रयास करना होना चाहिए। हमें स्मरण रखना है कि स्ट्रेस खातों में आवश्यक सुधार करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही भारी मुसीबत को न्योता दे सकती है। अतः हमें हर समय चौकस रहने की आवश्यकता है ।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि विगत 5 वर्षों से यूको कामाख्या दर्पण का प्रकाशन किया जा रहा है और यह 6ठे वर्ष का पहला अंक है। किसी भी कार्यालय के लिए पत्रिका प्रकाशन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। विगत समय में सम्पन्न कार्य-कलापों को इसमें सँजोया जाता है।

बैंक का राजभाषा के क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन जारी है। इस बार भी 14 सितंबर, 2023 को पुणे में आयोजित राजभाषा सम्मेलन में यूको बैंक को वर्ष 2022-23 के लिए 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - तृतीय' प्राप्त हुआ है।

गुवाहाटी अंचल में भी राजभाषा का परचम लहरा रहा है। मुझे बताया गया है कि गुवाहाटी अंचल को भी वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार का "क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार - तृतीय" प्राप्त हुआ है एवं नराकास द्वारा भी गुवाहट अंचल को वर्ष 2021-22 में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह अत्यंत सराहनीय है। हमें ऐसे ही आगे कदम बढ़ाते रहना है और बैंकिंग के साथ राजभाषा में भी बैंक को श्रेष्ठ बनाना है।

आइए, हम कृत-संकल्पित हों कि डिजिटलीकरण के इस युग में ग्राहक सेवा में गुणात्मक सुधार लाएँ जिससे हमें ग्राहक आधार बढ़ाने में आसानी हो और हर जगह बस यूको यूको की गूंज ही सुनाए दे ।

सुनीत कुमार झा

# संपादकीय



प्रिय पाठकगण ! नमस्ते ।

यूको कामाख्या दर्पण के नवीनतम अंक के साथ पुनः आपसे संवाद स्थापित करने के लिए आतुर हूँ। पिछले 2 वर्षों से पत्रिका का संपादन भार मेरे कंधों पर है। इसमें मैं कितना सफल हो पा रहा हूं, यह तो आप पाठकगण ही बता सकते हैं। हमें आपकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है।

राजभाषा विभाग का उद्देशय है कि बैंक के कामकाज में राजभाषा हिंदी का उतरोत्तर प्रयोग बढ़े, अतः हम हिंदी गृह पत्रिका का प्रकाशन करते हैं। "यूको कामाख्या दर्पण" उसी दिशा में बढ़ाए गए कदम में से एक है जिसके माध्यम से पिछले छह महीने संपन्न गतिविधियों की जानकारी एवं अंचल के अधीन कार्यरत स्टाफ सदस्यों की रचना को समाहित करते हैं। इस प्रकार उनकी रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमता को बल मिलता है।

पूर्वोत्तर भारत अपने आप में अनूठा है। यहाँ की प्राकृतिक छटा और सौंदर्य अतुलनीय है। यह वह स्थान है जहां रवि की पहली किरण संपूर्ण देश को आलोकित करती है। ऐसे क्षेत्र से पत्रिका का प्रकाशन हमारे यहाँ के बैंकर साथियों की लेखन क्षमता को निखारता है। मेरा यह मानना है कि लिखने से हम अपने अंदर के तनाव को कम करते है। बैंकिंग जॉब में तनाव होना स्वाभाविक है। अतः यह तनाव कम करने का यह बेहतर विकल्प माना जाता है। आप किसी भी विषय पर कोई एक लेख, कोई कविता कहानी, अपने जीवन की कोई यादगार घटना, कहीं घूमने गए हैं तो उसका अनुभव कुछ भी लिखिए । इसके दो फायदे हैं; आप इसे यादगार के रूप में सँजो कर रख सकते हैं और आप पत्रिका के लिए सामग्री भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

माना जाता है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्य करना कठिन होता हैं (विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में) क्योंकि यहां जीवन उतना आसान नहीं जितना मैदानी इलाकों में होता है। परिस्थितियाँ प्रतिकूल होती हैं। ऐसे में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक कविता की कुछ पंक्तियाँ याद आती है—

हार नहीं मानूँगा
रार नहीं ठानूंगा
काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूँ
गीत नया गाता हूँ....

उक्त पंक्तियाँ रक्त धमनियों में ऊर्जा का संचार करती है, हमें यह भरोसा दिलाती है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में घबराना नहीं है बल्कि डटकर सामना करना है।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह अंक आपको बहुत पसंद आएगा एवं पत्रिका में लेखों/कविताओं के माध्यम से व्यक्त विचारों से पाठकगण अवश्य लाभान्वित होंगे ।

शुभकामनाओं सहित

विशाल कुमार

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
# 01 अप्रैल, 2023 से 30 सितंबर, 2023 तक

## यूको गृह ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं (राशि की दृष्टि से)

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | संस्वीकृत ऋण की संख्या | संस्वीकृत राशि (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेहाबारी | 0709 | 19 | 12.32 |
| 2 | सिलपुखुरी | 0533 | 9 | 6.32 |
| 3 | ओडालबकरा | 2825 | 10 | 2.97 |
| 4 | डाउनटाउन | 1994 | 13 | 2.42 |
| 5 | भेटापारा | 2472 | 10 | 2.28 |

## यूको कृषि ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | जीएल में वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | हाथीगढ़ न.1 | 2648 | 1.69 करोड़ |
| 2 | बरकंदा | 1681 | 1.69 करोड़ |
| 3 | बिजनी | 0502 | 1.46 करोड़ |
| 4 | बोंदा | 1372 | 1.30 करोड़ |
| 5 | सोनापुर | 0500 | 1.28 करोड़ |

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
## 01 अप्रैल, 2023 से 30 सितंबर, 2023

### यूको कार ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं (राशि की दृष्टि

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | संस्वीकृत ऋण की संख्या | संस्वीकृत राशि (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुवाहाटी मुख्य | 0045 | 7 | 0.96 |
| 2 | डाउनटाउन | 1994 | 11 | 0.83 |
| 3 | सिलपुखुरी | 0533 | 7 | 0.62 |
| 4 | धुबरी | 0473 | 5 | 0.46 |
| 5 | अमीनगाँव | 1722 | 6 | 0.43 |

### वसूली करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

## 01 अप्रैल, 2023 से 30 सितंबर, 2023 तक

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | वसूली (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | राजगढ़ रोड | 1669 | 4.07 |
| 2 | मालीगाँव | 0140 | 1.33 |
| 3 | पलटन बाजार | 1925 | 1.26 |
| 4 | अमीनगाँव | 1722 | 0.69 |
| 5 | हाउली | 0501 | 0.62 |

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
# 01 अप्रैल, 2023 से 30 सितंबर, 2023 तक

## एटीएम जारी करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | जारी एटीएम की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चंद्रपुर | 1030 | 1708 |
| 2 | गौरीपुर | 0405 | 1455 |
| 3 | बसिस्थ | 3037 | 1442 |
| 4 | तमुलपुर | 0771 | 1356 |
| 5 | कृष्णपुर | 1675 | 1023 |

## मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | कुल पंजीकृत उपयोगकर्ता | कुल सक्रिय उपयोगकर्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ढालीगाँव | 0889 | 9456 | 570 |
| 2 | हाउली | 0501 | 9420 | 1604 |
| 3 | कोकराझार | 0495 | 9225 | 604 |
| 4 | करीमगंज | 0882 | 7853 | 1128 |
| 5 | धुबरी | 0473 | 7713 | 1755 |

# दैनिक कार्यों में प्रयुक्त होनेवाली टिप्पणियाँ
# Noting to be used in Daily Routine

| अंग्रेजी/English | हिंदी/Hindi |
|---|---|
| Accepted | स्वीकृत |
| Approved | अनुमोदित |
| Action May be taken | कार्रवाई की जाए |
| All concerned to note | सभी संबंधित व्यक्ति इसे नोट करें |
| Approved as proposed/suggested | प्रस्ताव/सुझाव के अनुसार अनुमोदित |
| Approval may be obtained | अनुमोदन प्राप्त किया जाए |
| Arrangement may be made | व्यवस्था की जाए |
| Await reply/report | उत्तर/रिपोर्ट की प्रतीक्षा करें |
| Bill may be paid | बिल का भुगतान करें |
| Call for report | रिपोर्ट मँगवाएँ |
| Copy may be sent | प्रतिलिपि भेजी जाए |
| Draft for Approval | अनुमोदन हेतु मसौदा |
| Explanation may be called for | स्पष्टीकरण मांगा जाए |
| For Consideration | विचारार्थ |
| For Information | सूचनार्थ |
| For perusal | अवलोकनार्थ |
| Give top priority | सर्वोच्च प्राथमिकता दें |
| I agree/Agreed | मैं सहमत हूँ/सहमत |
| Keep this in abeyance | इसे रोक रखें |
| May be informed accordingly | तदनुसार सूचित किया जाए |
| May be sanctioned | मंजूरी दी जाए |
| May be treated as closed | बंद समझा जाए |
| May be treated as urgent | इसे अत्यावश्यक समझा जाए |
| Most urgent | अत्यावश्यक |
| Necessary action may be taken | आवश्यक कार्रवाई की जाए |
| No further action is required | आगे कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है |
| Noted | नोट किया |
| Offer your comments | अपनी टिप्पणी दें |
| OK | ठीक है |
| Payment may be made | भुगतान किया जाए |
| Please acknowledge | कृपया पावती दें |
| Please ensure | कृपया सुनिश्चित करें |
| Please explain the matter | कृपया मामले को स्पष्ट करें |
| Please offer your comment | कृपया अपनी टिप्पणी दें |

# दैनिक कार्यों में प्रयुक्त होनेवाली टिप्पणियाँ
# Noting to be used in Daily Routine

| | |
|---|---|
| Please advise | कृपया सूचित करें |
| Please attend the meeting | कृपया बैठक में भाग लें |
| Please circulate | कृपया परिचालित करें |
| Please comply | कृपया पालन करें |
| Please confirm | कृपया पुष्टि करें |
| Please discuss | कृपया चर्चा करें |
| Please do the needful | कृपया आवश्यक कार्रवाई करें |
| Please put up a note | कृपया नोट प्रस्तुत करें |
| Please reply | कृपया उत्तर दें |
| Please Speak | कृपया बात करें |
| Please submit | कृपया प्रस्तुत करें |
| Recommended | संस्तुत |
| Rejected | अस्वीकृत |
| Sanctioned | संस्वीकृत/मंजूर |
| Seen | देख लिया |

## सामग्री आमंत्रित है

गुवाहाटी अंचल के अधीन सभी शाखाएं, सभी एलडीएम कार्यालय, सभी आरसेटी कार्यालयों एवं क्षेत्र निरीक्षणालय के सभी स्टाफ सदस्यों से अंचल की छमाही पत्रिका **"यूको कामाख्या दर्पण"** हेतु सामग्री आमंत्रित है ।

सामग्री हिंदी/असमिया/बांग्ला/बोडो भाषा में सामयिक लेख, कविता, कहानी, यात्रा वृतांत, संस्मरण, किसी जगह की जानकारी, किसी व्यक्ति विशेष की जानकारी, ग्राहक सफलता की कहानी, स्टाफ सफलता की कहानी, शाखाओं/कार्यालयों की गतिविधियां, स्टाफ या उनके बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, भोजन डिश की रैसिपि आदि के रूप में हो सकती है ।

अपनी सामग्री हमें यूनिकोड में टाइप कर zoguwahati.ol@ucobank.co.in पर भेजें ।

# राजभाषा कीर्ति पुरस्कार : 2022-23




श्री अश्विनी कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी; माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्रा जी से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2022-23 ग्रहण करते हुए

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर **"राजभाषा कीर्ति पुरस्कार"** तथा क्षेत्रीय स्तर पर "क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार" प्रदान किया जाता है ।

इसी क्रम में यूको बैंक को पिछले तीन वर्षों से लगातार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2020-21 के लिए "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - प्रथम", वर्ष 2021-22 के लिए भी "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - प्रथम" तथा इस वर्ष 2022-23 के लिए "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - तृतीय" से सम्मानित किया गया है ।

यह पुरस्कार माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्रा जी द्वारा 4 सितंबर, 2023 को पुणे में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया । हमारे प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अश्विनी कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया ।

समस्त यूकोजन को हार्दिक बधाई !

कविताई

# तेरे पायल की रुनझुन.....!



सुजीत कुमार
वरिष्ठ प्रबंधक
करीमगंज शाखा (0822)

तेरे आने की दस्तक फूलों का है उपवन,
पहाड़ों की सिलवट पे आया है सावन।

की चुन चुन के मोती थे हमने सजाये,
ये नयना भिंगो के थे सपने संजोये।

जो दे करके सांसे यूँ ही गुम गयी थी,
ना सोची थी मेरी ना ही समझ सकी थी।

कैसे फूलों को लाया फिर उसको पिरोया,
तुझे क्या पता था मैंने कैसे था रोया।

मैं कदमो में तेरे करूँ ये जहां अर्पण,
है "जिया" में तेरे ये मेरा ही धड़कन।

मैं सोचूं कभी की तू कैसे चलेगी,
तेरे पायल की रुनझुन मुझे घायल करेगी।

तेरी आशा में हैं तेरे मम्मी पापा,
आ जाओ जीवन में की उड़ चलें जरा सा।

जो इस बार आयी हो मुझसे भी मिलना,
इस खुशियों की बारिश में मुझे भी भिंगोना।

# भारतीय बैंकरों के कार्य-उत्पादकता की समस्या और समाधान

लेख



**प्रवीण कुमार शर्मा**
**वरिष्ठ प्रबंधक**
**क्षेत्र निरीक्षणालय, गुवाहाटी**

बैंकिंग उद्योग की कार्य-प्रणाली अन्य संस्थानो और उद्योगों से भिन्न है। यहां कार्य की लगभग अनवरत चक्रीय पुनरावृत्ति होती रहती है जिससे समय की मांग और कार्य-भार में वृद्धि हो जाती है। ऐसे ही अन्य कारणों से, भारतीय बैंकर अक्सर अधिक तनाव और कार्य-असंतुष्टि से ग्रस्त हो जाते हैं। ये कारक न केवल व्यक्तिगत कल्याण पर प्रभाव डालते हैं, बल्कि कार्य-उत्पादकता एवं बैंकिंग खंड के समग्र कार्य-क्षेत्र को भी प्रभावित करते हैं।

इस आलेख में, हम भारतीय बैंकरों में तनाव, काम का भार और कार्य-असंतुष्टि के कारणों को जानेगें और इन चुनौतियों को कम करने के लिए संभावित उपायों पर चर्चा करेंगें।

**तनाव, काम का भार और कार्य-असंतुष्टि के कारण**

**1. कार्य – दबाब में वृद्धि:**

बैंकिंग जगत तेजी से बदलते माहौल में कार्य कर रहा हैं। बैंकरों के लिए अब एक नया सामान्य है - समयसीमा वाले सभी मांग और लक्ष्य को पूरा करना और विविध मुद्दों का नित सामना करना। बैंकर को आप अक्सर काम की लोड में पाएंगे। उन्हें हमेशा लेट सीटिंग करना होता है। उन पर सेवाओं के त्वरित निष्पादन, विभिन्न क्षेत्र के लक्ष्य को बेहतर प्रदर्शन के साथ पूरे करने का दबाव और अधिकतम उत्पादों के बिक्री का लक्ष्य रहता है। इस अविरल कार्य संस्कृति के कारण मानसिक तनाव तथा शारिरीक क्षमता और कार्य-संतुष्टि प्रभावित होती है।

**2. विनियामक परिवर्तन और अनुपालन का भार:**

भारतीय बैंकों को गतिशील विनियामक मंडल में काम करना पड़ता है, जहां नीतियों में बार-बार परिवर्तन और सख्त अनुपालन की आवश्यकता होती है। इन विनियमों के साथ कदम मिलाने और अनुपालन करने का काम बैंकरों के लिए कठिन होता है, जिससे तनाव और काम का भार बढ़ता है।

**3. ग्राहक की अपेक्षाएं और सेवा की मांग:**

वर्त्तमान में ग्राहकों की अपेक्षाएं काफी बढ़ गई हैं। आज ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं (पर्सनालिज्ड सर्विस) चाहिए। उन्हें कार्यों का निष्पादन त्वरित तथा कम से कम टर्न अराउंड टाइम में संपन्न चाहिए। प्रायः ग्राहक किसी कार्य को पूर्ण करने मे लगने वाले वास्तविक समय से अनजान होते हैं। उनकी अपेक्षा बहुत उच्च होती है। ऐसी स्थिति में समय की मांग तेजी से बढ़ गई है। उन अपेक्षाओं को पूरी करने और विनियमित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंकरों पर अतिरिक्त तनाव और



कार्य- भार में वृद्धि हो रही है जिससे नौकरी-संतुष्टि प्रभावित हो रही है। बैंकरों के पास अलग – अलग ग्राहकों के विविध कार्य होते हैं। साथ ही, उनके पास पूर्व निर्धारित दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, तिमाही और वार्षिक कार्य भी करने को होते हैं। बैंक कर्मचारियों को कर्मचारियों की कमी का सामना भी करना पडता है। अतः बैंकरों के पास प्रायः समय का अभाव रहता है।

यदि हम सभी ग्राहकों की अपेक्षाओं और सेवा की मांग को देखे, तो एक विरोधाभास दिखेगा। अक्सर, ग्राहक पांच महीनों के कार्य को पांच हफ्तों में, पांच हफ्तों के कार्य को पांच दिनों में, पांच दिनों के कार्य को पांच घंटों में, पांच घंटों के कार्य को पांच मिनटों में और पांच मिनट के कार्य को पांच सेकेण्ड में पूरा होने की उम्मीद करते हैं। ऐसी स्थिति में, समय - प्रबंधन भी मुश्किल हो जाता है।

**4. सीमित विकास संभावनाएं:**

कई बैंकों में वर्गीकृत संरचना कर्मचारियों के लिए विकास की संभावनाओं को सीमित करती है। स्पष्ट पदोन्नति मार्ग, सीमित प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम और अपर्याप्त पहचान से कार्य -संतुष्टि और आत्मविश्वास कुप्रभावित हो रही हैं। बैंकरों का कार्य भार ऐसा है जिससे उनके व्यक्तिगत विकास की संभावनाएं सीमित हो रही हैं।

**तनाव, काम का भार और कार्य-असंतुष्टि को कम करने के उपाय**

**1. कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम:**

बैंकों को कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देना चाहिए। कुछ ऐसे कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम संचालित किए जाने चाहिए जिसके तहत कार्य-जीवन संतुलन, तनाव प्रबंधन, और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन को बढ़ावा दिया जा सके। लचीले कार्य अवधि, कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, और मानसिक संतुलन के कार्यशाला जैसे पहल, बैंकरों के तनाव स्तर को कम करने और कार्य-संतुष्टि को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

**2. कार्य भार का प्रभावी प्रबंधन:**

बैंकों को कार्य-भार का मूल्यांकन करना चाहिए और पर्याप्त संसाधन प्रदान करना चाहिए ताकि कार्य भार कम हो सके। यथार्थपरक लक्ष्य स्थापित करना, प्रक्रिया को संगठित करना, योग्यतानुसार कार्य का आबंटन और



टीम-वर्क को प्रोत्साहित करना आदि बैंकरों पर कार्य भार को कम करने और कार्य संतुष्टि को बढ़ाने में प्रभावी रुप से मदद कर सकते हैं।

**3. प्रशिक्षण और कौशल विकास:**

बैंकों को व्यापक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम में निवेश करना चाहिए, जिससे बैंकरों को आवश्यक ज्ञान और क्षमताओं से सशक्त बनाया जा सके। यह कार्य संतुष्टि को बढ़ाकर व्यक्तिगत प्रगति और कार्यक्षमता में सुधार कर सकता है।

**4. पारदर्शी प्रदर्शन मूल्यांकन और पुरस्कार:**

पारदर्शी प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली को लागू करना और पुरस्कार और पहचान को मेधा से जोड़ना बैंकरों को प्रोत्साहित कर सकता है और एक सकारात्मक कार्य-वातावरण प्रदान कर सकता है। कर्मचारियों के योगदान की पहचान करना और सराहना करना मोराल को बढ़ावा देकर और कार्य संतुष्टि को बढ़ा सकता है।

**5. संचार और प्रतिक्रिया चैनल:**

बैंकरों और प्रबंधन के बीच खुले संचार चैनल स्थापित करने से कार्य संतुष्टि के मुद्दों को सुलझाने और अन्य समस्याओं को संबोधित करने का मौका मिलता है। नियमित प्रतिक्रिया (फिड्बैक) सत्र, टाउन हॉल मीटिंग और कर्मचारी संलग्नता सर्वेक्षण (एम्पलोय इंगेजमेंट सर्वे) इस्तेमाल करके तनाव और कार्य संतुष्टि से संबंधित मुद्दों की पहचान और उनका हल करने में मदद मिल सकती है।

**6. कार्य-जीवन का समन्वय:**

कार्य-जीवन में समनव्य का प्रचार और प्रोत्साहन करना चाहिए। बैंकरों के लिए कार्य-जीवन संतुलन में सुधार लाने के लिए कई पहल किए जा सकते हैं यथा दूरस्थ कार्य विकल्प, लचीले समय-सारणी, और परिवार-उन्मुख नीतियाँ आदि। यह तनाव स्तर को कम करेगा और पूर्ण कार्य-संतुष्टि में सुधार लाएगा।

**निष्कर्ष:**

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में एक स्वस्थ और प्रेरित कर्मचारी को बनाए रखने के लिए तनाव, काम का भार, और कार्य -असंतुष्टि का समाधान करना महत्वपूर्ण है। बैंक प्रबंधन मूल कारणों की पहचान करके और सुधारात्मक उपाय लागू करके कर्मचारी कल्याण कर सकते हैं। साथ ही, कार्य-संतुष्टि को प्राथमिकता देने वाला एक समर्थक कार्य वातावरण स्थापित कर सकते हैं। कार्य-जीवन संतुलन को प्रोत्साहित करना, सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना और कर्मचारी योगदान की पहचान करना आदि से बैंकरों को ही नहीं बल्कि बैंकों को भी लाभ होगा। ऐसा करके हम एक सकारात्मक बैंकिंग संस्कृति सृजित करने में सहायक होंगें।

*******



# 132वीं जन्म जयंती - डॉ. भीम राव बाबासाहेब अंबेडकर







अंचल कार्यालय में दिनांक **14.04.2023** को संविधान निर्माता **डॉ. भीम राव बाबासाहेब अंबेडकर जी** की **132वीं** जन्म-जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे । **श्री बाप्पादित्य चटर्जी, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, श्री के बालसुब्रमनियण, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्र निरीक्षणालय प्रमुख** ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धेय अंबेडकर जी को श्रद्धाजंलि अर्पित की, तत्पश्चात अंचल कार्यालय एवं क्षेत्र निरीक्षणालय के स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धांजली अर्पित की । इस अवसर पर यूको एससी/एसटी एवं ओबीसी एम्पलॉय काउंसिल के सचिव ने अपना सम्बोधन प्रस्तुत किया । अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र निरीक्षणालय प्रमुख ने भी अपना आदरणीय अंबेडकर जी को उनके महान कार्यों के लिए याद किया।

# एंश्योरेंश चैनल पार्टनर
# एसबीआई लाइफ एवं केयर के साथ 3 वर्ष पूर्ण






टीम एसबीआई लाइफ के साथ टीम अंचल कार्यालय गुवाहाटी भागीदारी के 3 वर्ष पूर्ण होने पर केक कटिंग करते हुए





टीम केयर के साथ टीम अंचल कार्यालय गुवाहाटी भागीदारी के 3 वर्ष पूर्ण होने पर केक कटिंग करते हुए

# हिंदी कार्यशाला एवं पत्रिका विमोचन







**राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार** द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रति तिमाही कम-से-कम एक प्रयोजनमूलक **हिंदी कार्यशाला** अनिवार्य रूप से आयोजित की जाती है। उक्त के अनुपालन में **यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** द्वारा **दिनांक 09.06.2023** को अंचल कार्यालय के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं गुवाहाटी अंचल के अधीन शाखाओं से कुल 30 स्टाफ सदस्यों (अधिकारी एवं कर्मचारी) ने भाग लिया था। कार्यशाला में प्रमुख संकाय के रूप में **श्री बदरी यादव, उप निदेशक (प्र) एवं कार्यालय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र** को आमंत्रित किया गया था । इसके अतिरिक्त श्री बाप्पादित्य चटर्जी, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख तथा श्री संतोष शर्मा, मुख्य प्रबंधक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

इस अवसर पर गुवाहाटी अंचल की छमाही हिंदी गृह पत्रिका **"यूको कामाख्या दर्पण"** के **अक्टूबर, 2022-मार्च, 2023** अंक का विमोचन भी किया गया ।




हिंदी कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागीगण

# बैंक के एमएसएमई ग्राहकों के साथ बैठक









**यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** ने दिनांक **20.06.2023 को होटल मेफ्लावर, पान बाजार गुवाहाटी** में बैंक के **एमएसएमई ग्राहकों** के साथ एक बैठक का आयोजन किया । यह बैठक बैंक के विपणन टीम (एमएसएमई) एवं एमएसएमई विभाग ने मिलकर आयोजित की थी। यह बैठक में अंचल प्रमुख श्री **बाप्पादित्य चटर्जी** के साथ गुवाहाटी स्थित शाखाओं के शाखा प्रमुखों की उपस्थिति में संपन्न हुई। भारत सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्रों को सुविधा प्रदान करने हेतु कई योजनाओं की शुरुआत की गई है।

यूको बैंक द्वारा भी इन्हीं योजनाओं को एमएसएमई ग्राहकों के संज्ञान में लाया गया। यूको बैंक ने अपने ग्राहकों को उनके पोर्टफोलियो एवं उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैंक उत्पादों से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं विभिन्न मानदंडों के बारे में भी ग्राहकों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त ग्राहकों ने भी विभिन्न उत्पादों के संबंध में अपने मूल्यवान सुझाव एवं प्रतिक्रिया दिया।



## यूको बैंक ने 'कस्टमर मीट' का किया आयोजन

पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 20 जून। यूको बैंक की गुवाहाटी स्थित आंचलिक कार्यालय ने आज 'एमएसएमई कस्टमर मीट 2023' का आयोजन किया गया। इस मीट का संचालन एमएसएमई डिपार्टमेंट, जोनल कार्यालय के साथ मार्केटिंग टीम (एमएसएमई) द्वारा किया गया। यह मीट आंचलिक प्रमुख बप्पादिता चटर्जी तथा गुवाहाटी के कुछ शाखाओं के प्रमुखों की उपस्थिति में संचालित किया गया। इस अवसर पर एमएसएमई सेक्टर की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर विभिन्न एमएसएमई सेक्टरों की जरूरत के मुताबिक यूको बैंक द्वारा पोर्टपोलियो ऑफ टेलर मेड प्रोडक्टों से ग्राहकों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्राहकों ने अपने बहुमूल्य सुझावों एवं प्रतिपुष्टियों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।




**अखबार की सुर्खियों में कार्यक्रम तथा दीप प्रज्जवलन करते अतिथिगण**

# ऑनलाइन होटल बुकिंग करते समय सावधान रहें

यूको बैंक UCO BANK

आजकल घोटालेबाज ऑनलाइन होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म की सुविधा और लोकप्रियता का फायदा उठाकर सीधे-सादे उपयोगकर्ताओं को धोखा दे रहे हैं और उनकी निजी जानकारी और पैसे हर रहे हैं।

## यह धोखाधड़ी कैसे काम करता है?

धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति सत्य प्रतीत होने होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म की तरह वे वेबसाइट बनाते हैं तथा उसे विश्वसनीय लगने वाले लोगो, ब्रांडिंग और यूजर इंटरफेस से पूरा करते हैं| ये वेबसाइटें वैध लग सकती हैं लेकिन उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत/संवेदनशील जानकारी, जैसे क्रेडिट/डेबिट कार्ड विवरण, आधार और पैन नंबर आदि एकत्र करने के लिए ही पूरी तरह से नकली डिज़ाइन की गई होती हैं।

धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति संभावित पीड़ितों से होटल प्रतिनिधि या यात्रा एजेंट के रूप में अवांछित ईमेल या फोन पर संपर्क कर सकते हैं| वे अन्य आकर्षक डील पेश कर सकते हैं या बुकिंग करने के लिए सहायता प्रदान करने का दावा कर सकते हैं| बुकिंग करने के इन माध्यमों में अक्सर दुर्भावनापूर्ण लिंक या संलग्नक होते हैं जिन पर क्लिक करने से, मैलवेयर इंस्टॉल हो सकता है या उपयोगकर्ताओं को फ़िशिंग वेबसाइटों पर पुनर्निर्देशित कर सकता है।

## ऐसे धोखाधड़ी से बचने के सर्वोत्तम उपाय

- ✓ **बुकिंग प्लेटफॉर्म की वैधता सत्यापित करें:** कोई भी रिजर्वेशन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि आप जिस वेबसाइट का उपयोग कर रहे हैं वह प्रतिष्ठित और सुरक्षित हो। वेबसाइट यूआरएल में एसएसएल एन्क्रिप्शन (https: //) देखें और प्लेटफ़ॉर्म की प्रामाणिकता को जानने के लिए ग्राहक समीक्षाओं और रेटिंग की जाँच करें ।
- ✓ **होटल की जांच करें:** रिजर्वेशन करने से पहले होटल के बारे में स्वतंत्र रूप से जांच करें। संपर्क विवरण के लिए होटल की आधिकारिक वेबसाइट/ऐप देखें और सूचीबद्ध सुविधाओं और सेवाओं की उपलब्धता की पुष्टि करें। इन तत्यों की सत्यता जानने के लिए बुकिंग प्लेटफॉर्म पर दी गई जानकारी अन्यत्र से भी लें ।
- ✓ **अवास्तविक प्रस्तावों पर संदेह करें:** यदि कोई प्रस्ताव बहुत अच्छा होने के कारण सत्य प्रतीत होता है, तो शायद ऐसा नहीं हो। भारी छूट वाले होटल दरों या सामान्य से हटकर प्रतीत होने वाले विशेष डीलों का सौदा करते समय सावधानी बरतें। उनकी वैधता की तुलना और मूल्यांकन करने के लिए अन्य प्लेटफार्मों पर उपलब्ध कीमतों और छूट की जानकारी लें |
- ✓ **संपर्क जानकारी की दोबारा जांच करें:** यदि आपको किसी होटल या यात्रा एजेंट से कोई अवांछित ईमेल या फोन कॉल प्राप्त होता है, तो सतर्क रहें। प्रदान किए गए किसी भी लिंक पर क्लिक करने के बजाय, होटल या बुकिंग एजेंसी की संपर्क जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें और छूट की वैधता की पुष्टि करने के लिए सीधे उनसे संपर्क करें ।
- ✓ **सुरक्षित भुगतान विधियों का उपयोग करें:** हमेशा सुरक्षित भुगतान विधियों का उपयोग करें जैसे क्रेडिट/डेबिट कार्ड या सम्मानित भुगतान गेटवे । डायरेक्ट बैंक अंतरण या असुरक्षित चैनल के माध्यम से संवेदनशील जानकारी को स्थानांतरित या साझा करने से बचें |

**साइबर धोखाधड़ी घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in पर करें या सहायता के लिए 1930 पर संपर्क करें**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

CISO OFFICE

*Security Advisory 103A dated 07.06.2023*

# आदित्य बिरला हेल्थ द्वारा दिनांक 20.07.2023 को सिलपुखुरी शाखा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन









# तृतीय ऑल असम पैरा स्पोर्ट्स मीट




पैरालंपिक एसोशिएशन ऑफ असम द्वारा गुवाहाटी के नेहरू स्टेडियम में 15-16 जुलाई, 2023 को **तृतीय ऑल असम पैरा स्पोर्ट्स मीट** का आयोजन किया गया जिसे **यूको बैंक** द्वारा सहयोग प्रदान किया गया । इस खेल प्रतियोगिता में आसाम के विभिन्न जिलों से दिव्यांग खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभागिता की ।





**यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** के उप अंचल प्रमुख **श्री ख्रिली पिन्यू** ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया । एसोशिएशन के तरफ से भी उप अंचल प्रमुख का उचित सम्मान किया गया ।

# ग्यारहवाँ यूको बैंक अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन, भोपाल



श्री मनीष कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं राजभाषा); श्री राजेश उपाध्याय, अंचल प्रमुख भोपाल एवं अन्य कार्यपालकगण के साथ राजभाषा अधिकारियों का समूह चित्र




प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग द्वारा **24-26 जुलाई, 2023** तक (तीन दिवसीय) **क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल** में **11 वें यूको बैंक अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन** का आयोजन किया गया ।

दिनांक 24.07.2023 को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में **श्री मनीष कुमार, महाप्रबंधक, मासंप्र, कार्मिक सेवा, प्रशिक्षण एवं राजभाषा** उपस्थित थे । **मुख्य अतिथि** के रूप में **श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, अवकाशप्राप्त आईएएस** जो हिंदी भवन, भोपाल से प्रकाशित पत्रिका अक्षरा के संपादक भी हैं के साथ में **विशिष्ट अतिथि** के रूप में **श्री हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भोपाल** की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ग्यारहवाँ यूको बैंक अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन, भोपाल

**प्रथम सत्र** में **डॉ. दाताराम पाठक, सहायक आचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर** ने "**हिंदी तथा संस्कृत भाषा अंतरसंबंध : व्याकरण का परिप्रेक्ष्य** विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

भोजन विरति के बाद **दूसरे सत्र** में प्रधान कार्यालय द्वारा **21** अंचलों सहित सेंट्रल स्टाफ कॉलेज के कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई।

दिनांक **25.07.2023** को भी **तीसरे सत्र** में शेष बचे हुए अंचलों के कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई। भोजन विरति के बाद भोपाल में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया । शैक्षिक भ्रमण में **सप्रे संग्रहालय, भोपाल, जनजातीय संग्रहालय, भोपाल** विशेष था ।

**दिनांक 26.07.2023 (अंतिम दिन)**

चतुर्थ सत्र - व्याख्यान का था जिसमें सर्वप्रथम **डॉ. विजय श्रीधर,** संस्थापक, सप्रे संग्रहालय, भोपाल ने **"हिंदी के विकास में हिंदी समाचार-पत्रों का योगदान"** विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया । तत्पश्चात **"हिंदी तथा जनजातीय बोलियों का अंतरसंबंध"** विषय पर **डॉ. धर्मेन्द्र पारे, निदेशक, जनजातीय भाषा एवं बोली संस्थान, भोपाल** तथा **"राजभाषा हिंदी : विविध आयाम"** विषय पर **डॉ. बरुण कुमार, निदेशक, राजभाषा, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली** ने अपना व्याख्यान दिया ।

सम्मेलन के पंचम सत्र में एक बेहतरीन परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में डॉ. जवाहर कर्नावत एवं डॉ. दामोदर खड़से से परिचर्चा की गई । परिचर्चा का संचालन डॉ. बरुण कुमार ने की ।




**परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित (बाएं से) श्री सुबोध कुमार सिंह, प्राचार्य, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल; डॉ. दामोदर खड़से, डॉ. जवाहर कर्नावत, श्री राजेश उपाध्याय, अंचल प्रमुख, भोपाल एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. बरुण कुमार**

# पीएम स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर सम्मान कार्यक्रम




मई 2020 में फैले कोविड-19 महामारी के कारण स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा था। उन्हें सशक्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा **"प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि)** योजना की शुरुआत की गई।

योजना के प्रमुख उद्देश्य हैं :-

- रु. 10000/- से लेकर रु. 50000/- तक की कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करना
- निरंतर चुकौती करने वाले उधारकर्ता एवं डिजिटल लेनदेन करनेवाले को प्रोत्साहित करना

इसी क्रम में दिनांक **07.08.2023** को **यूको बैंक, मालीगाँव शाखा** में शाखा प्रमुख **श्री भवानीकांत** की देखरेख में पीएमस्वनिधि स्ट्रीट वेंडर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें करीब 40 वेंडरों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में **श्री बाप्पादित्य चटर्जी, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख** की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने वहाँ उपस्थित स्ट्रीट वेंडरों को डिजिटलीकरण की आवश्यकता एवं उनके दैनिक लेनदेन में क्यूआर कोड के प्रयोग से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं से अवगत कराया एवं उन्हें प्रोत्साहित भी किया। **श्री चटर्जी** ने सभी वेंडरों को क्यूआर कोड भी वितरित किया।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वाकाथन






यूको बैंक अंचल कार्यालय गुवाहाटी में आज 9 अगस्त को प्रातः 5.30 बजे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वाकाथन का आयोजन किया गया जिसका विषय डिजिटल एवं साइबर जागरूकता था। कार्यक्रम में बाप्पादित्य चटर्जी, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, के बालसुब्रमनियण, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्र निरीक्षणालय प्रमुख गुवाहाटी के साथ-साथ अंचल कार्यालय गुवाहाटी, क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी तथा गुवाहाटी स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

# नराकास (बैंक) गुवाहाटी की
# पहली छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह



बैठक में उपस्थित सदस्य बैंकों के राजभाषा अधिकारीगण एवं उनके कार्यालय प्रमुख



बैठक में उपस्थित मुख्य प्रबंधक श्री राजीव शर्मा (दाएं से दूसरे क्रम पर)

नराकास (बैंक), गुवाहाटी की वर्ष 2023 की पहली छमाही बैठक दिनांक 11.08.2023 को आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता श्री अमरेश कुमार झा, महाप्रबंधक (नेटवर्क-1) एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय ने की । इसके अतिरिक्त श्री निर्मल दुबे, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गुवाहाटी; श्री निपन बरदोलोई, प्रभारी, हिंदी शिक्षा योजना, गुवाहाटी; सुश्री सुष्मिता फुकन, क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक की गरिमामयी उपस्थिति रही । अन्य सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण भी बैठक में उपस्थित थे ।

जिन सदस्य कार्यालयों ने जुलाई, 2023 तक प्रतियोगिता करा दी थी, बैठक के बाद उन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया ।







पुरस्कार वितरण

# अंचल कार्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह








# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस - 2023





भारत के इतिहास में 14 अगस्त की तारीख कभी न भूलने वाली तारीख है, क्योंकि यह वही दिन है जब भारत -पाकिस्तान ने बँटवारे के कारण लाखों की तादाद में लोगों ने भारत विभाजन की विभीषिका झेली थी । इसी कारण से भारत में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम विभाजन के दौरान जान गवांने वाले लोगों को याद करते हैं तथा उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं । इस अवसर पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार **एलडीएम कामरूप** द्वारा **यूको बैंक, मालीगाँव शाखा** में **"विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2023** का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शाखा में प्रदर्शनी लगाई गई जिसके माध्यम से विभाजन के दौरान हुई त्राशदी से लोगों को अवगत कराया गया । यह दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बँटवारे की बलि चढ़ गया ।



# कार्यपालक निदेशक का गुवाहाटी दौरा




समसिद्धि समागम टाउनहॉल बैठक के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र कुमार साबू जी सभा को संबोधित करते हुए, मंच पर हैं (बाएं से) श्री अक्षत राज, बीसीजी टीम प्रमुख; श्री के बालसुब्रमनियण, उपमहाप्रबंधक एवं क्षेत्र निरीक्षणालय प्रमुख, गुवाहाटी; श्री बाप्पादित्य चटर्जी, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, गुवाहाटी अंचल तथा श्री ख्रिली पिन्यू, उप अंचल प्रमुख, गुवाहाटी अंचल

हमारा बैंक **"समसिद्धि परियोजना"** के तहत डिजिटल एचआर परिवर्तन की ओर अग्रसर है और परियोजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह अपने लक्ष्य तक पहुंचे, हमारे बैंक के उच्च कार्यपालकगण देश भर में **समसिद्धि समागम (टाउनहॉल बैठक)** में भाग ले रहे हैं और परियोजना की बारीकियों के बारे में यूकोजन को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

इसी क्रम में कार्यपालक निदेशक महोदय **श्री राजेन्द्र कुमार साबू जी** के गुवाहाटी दौरे के दौरान **दिनांक 31.08.2023** को गुवाहाटी में **"समसिद्धि समागम" (टाउनहॉल बैठक)** का आयोजन किया गया।




कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र कुमार साबू जी अपने संबोधन के दौरान

## सुरक्षा परामर्शी: आर्टिफ़िशियल मेधा (एआई) जनित डीपफेक धोखाधड़ी से सावधान रहें

यूको बैंक UCO BANK



आर्टिफ़िशियल मेधा (एआई) - जनित साइबर धोखाधड़ी डिजिटल परिदृश्य में खतरे की एक नई और मानव रचित घंटी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति से अब साइबर अपराधी मूल व्यक्ति की आवाज़, रंग रूप एवं सम्प्रेषण शैली की नकल करके नकली ऑडियो, वीडियो या टेक्स्ट कंटेन्ट बना सकते हैं जिससे वास्तविक और बनावटी पहचान में भेद करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

### धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली

1. स्कैमर्स यथार्थवादी डिजिटल प्रतिकृति बनाने के लिए लक्षित व्यक्तियों के बारे में जानकारी जैसे वॉयस रिकॉर्डिंग, चित्र, वीडियो आदि इकट्ठा करते हैं।
2. एकत्र किए गए डेटा को एआई एल्गोरिथम द्वारा एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और लक्षित व्यक्ति की आवाज़, चेहरे के भाव, हावभाव और संचार पैटर्न के प्रतिकृति बनाने के लिए संसाधित किया जाता है।
3. प्रशिक्षित एआई मॉडल का उपयोग करके, जालसाज डीपफेक कंटेन्ट (जैसे वीडियो, ऑडियो आदि) उत्पन्न करता है जिसमें लक्षित व्यक्ति के चेहरे या आवाज के साथ छेड़छाड़ की जाती है या सिंथेटिक तत्वों से बदल दिया जाता है।
4. पुनः लक्षित व्यक्ति के परिचित व्यक्तियों को धोखा देने के लिए डीपफेक कंटेन्ट को विभिन्न चैनलों जैसे वॉयस कॉल, टेक्स्ट संदेश, वीडियो कॉल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भेज दिया जाता है।
5. मानवीय विश्वास और भावनाओं का शोषण करते हुए, जालसाज अन्य व्यक्तियों को विशिष्ट कार्य जैसे धन हस्तांतरित करना, भुगतान करना, संवेदनशील जानकारी साझा करना आदि के लिए फँसाता है।
6. इसके परिणाम वित्तीय हानि से लेकर साख हानि, डेटा उल्लंघन और व्यक्तिगत या व्यावसायिक जानकारी का अंतरण तक हो सकते हैं।

### डीपफेक धोखाधड़ी - चेतावनी संकेत एवं एहतियाती उपाय

**चेतावनी संकेत**

- कॉल करने वाले की आवाज़ में बदलाव हो सकता है।
- कॉल करने वाला व्यक्ति व्यक्तिगत / संवेदनशील जानकारी मांग सकता है।
- धन अंतरण, वित्तीय सहायता, तत्काल कार्रवाई आदि हेतु अनुरोध कर सकता है।
- वाणी में विसंगतियाँ जैसे अप्राकृतिक विराम, असंबद्ध भाषण पैटर्न, विकृत ऑडियो या दृश्य आदि।
- कुछ असामान्य व्यवहार या चेहरे पर अप्राकृतिक भाव प्रदर्शित कर सकते हैं।
- कुछ व्यक्तिगत मामलों/घटना पर चर्चा करते समय ठीक से प्रतिक्रिया ना देना।

**एहतियाती उपाय**

- ✗ अन्य विश्वसनीय संचार माध्यमों से अनुरोध को सत्यापित किए बिना धन हस्तांतरित न करें।
- ✗ कभी भी कार्ड विवरण, ओटीपी, पिन, सीवीवी, यूपीआई पिन, पासवर्ड, वित्तीय सूचनाएं जैसी व्यक्तिगत/संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- ✓ उन विसंगतियों, दृश्य छविदोषों या विसंगतियों की तलाश करें जो डीपफेक संकेतों की ओर इशारा करता हो।
- ✗ सोशल मीडिया पर अधिक जानकारी साझा करने से बचें और अपनी प्रोफ़ाइल गोपनीयता सेटिंग्स को अधिकतम स्तर पर प्रतिबंधित रखें।
- ✓ अग्रेषित संदेशों, ऑनलाइन पोस्ट, विज्ञापनों आदि पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। हमेशा आधिकारिक और विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी/मीडिया की जांच करें।

**साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं https://www.cybercrime.gov.in पर दर्ज करें या 1930 पर कॉल करें**

# पूर्व अंचल प्रमुख का विदाई समारोह







पूर्व अंचल प्रमुख श्री बाप्पादित्य चटर्जी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान उन्हें कार्यालय के तरफ से प्रतीक चिह्न व उपहार भेंट किया गया । अपने संभाषण के दौरान वे भावुक हो उठे, उन्होंने कहा कि इस करायली से मुझे बहुत प्यार व सम्मान मिला है जिसे मैं कभी भुला नहीं सकूँगा । कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दी एवं उनके स्वस्थ, सुखी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।






# सितंबर, 2023 तिमाही की हिंदी कार्यशाला




**राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार** द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रति तिमाही कम-से-कम एक प्रयोजनमूलक **हिंदी कार्यशाला** अनिवार्य रूप से आयोजित की जाती है। उक्त के अनुपालन में **यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** द्वारा **दिनांक 05.09.2023** को अंचल कार्यालय के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं गुवाहाटी अंचल के अधीन शाखाओं से कुल 25 स्टाफ सदस्यों (अधिकारी एवं कर्मचारी) ने भाग लिया था। **श्री राजीव शर्मा, मुख्य प्रबन्धक** ने अपना स्वागत वक्तव्य रखा तथा राजभाषा अधिकारी **श्री विशाल कुमार** ने संकाय के रूप में कार्यशाला सम्पन्न किया ।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से सिंगल साइन ऑन में भरी जाने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट की बारीकियों से शाखा के स्टाफ सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार कार्मिकों को शाखा में की जानेवाली रोजमर्रा के कार्यों को हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । हिंदी में वाउचर बनाने के लिए बताया गया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को हिंदी टाइपिंग का अभ्यास कराया गया एवं मोबाइल में टेक्स्ट टू स्पीच एवं स्पीच टू टेक्स्ट (हिंदी में) के प्रयोग से अवगत कराया गया। राजभाषा अधिनियम, नियम पर भी चर्चा की गई । साथ ही सभी फिर से पत्राचार प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया गया एवं सभी से इसमें प्रतिभागिता के लिए कहा गया ।

# अंचल में साइबर जागरूकता दिवस का पालन




बरपेटा रोड




बिजनी




चंद्रपुर



चापागुरी



गरचुक



लाखरा



रेहाबारी

# हिंदी दिवस समारोह - 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, पुणे




हिंदी दिवस समारोह - 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन पुणे में हमारे बैंक के स्टॉल पर श्री अश्विनी कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी; श्री जयदीप नंदी, अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय पुणे के साथ विभिन्न अंचलों से आए राजभाषा अधिकारीगण

**भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग** द्वारा **14-15 सितंबर, 2023** को **श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे (महाराष्ट्र)** में **हिंदी दिवस समारोह - 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन** का आयोजन किया गया । इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय कुमार मिश्रा, माननीय गृह राज्य मंत्री उपस्थित थे । समारोह में वर्ष 2022-23 हेतु राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया । यह पुरस्कार वर्ष भर में राजभाषा में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु प्रदान किया जाता है ।

यूको बैंक को भी **वर्ष 2022-23** के लिए राजभाषा में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार - तृतीय** प्रदान किया गया । यह पुरस्कार माननीय गृह राज्य मंत्री **श्री अजय कुमार मिश्रा** जी के कर कमलों से प्रदान किया गया एवं इसे हमारे **एमडी एवं सीईओ श्री अश्विनी कुमार** ने ग्रहण किया । यह लगातार तीसरी बार है जब यूको बैंक को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । इसके पहले वर्ष **2020-21** एवं वर्ष **2021-22** के लिए यह पुरस्कार मिल चुका है।

# हिंदी दिवस समारोह - 2023
# एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, पुणे







हिंदी दिवस समारोह - 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन पुणे में हमारे बैंक के स्टॉल पर हमारे वर्तमान एमडी श्री अश्विनी कुमार के साथ निवर्तमान एमडी श्री अतुल कुमार गोयल सर






बैंक के स्टॉल पर हमारे एमडी का स्वागत करते हुए श्री सत्येन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य प्रबंधक-राजभाषा

बैंक के पूर्व एमडी श्री अतुल कुमार गोयल सर बैंक के विजिटर बुक में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए

# गुवाहाटी अंचल में हिंदी दिवस - 2023

गुवाहाटी अंचल कार्यालय द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 14-29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया । भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार 14-15 सितंबर, 2023 को पुणे में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस प्रकार दिनांक 18 सितंबर, 2023 को यूको बैंक के अंचल कार्यालय में हिंदी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्री सुनीत कुमार झा, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, श्री के बालसुब्रमनियण के साथ-साथ अन्य कार्यपालकगण द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । अंचल प्रमुख द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को यूको राजभाषा प्रतिज्ञा का पाठ कराया गया । श्री विशाल कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक-राजभाषा ने सभी स्टाफ सदस्यों को पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं से अवगत कराया ।











शुभारंभ के दौरान यूको राजभाषा प्रतिज्ञा का पाठ करते यूकोजन एवं अंचल प्रमुख अपना सम्बोधन देते हुए ।

# हिंदी दिवस - 2023







पखवाड़ा के दौरान कुल तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

1) वर्णमाला लिखो प्रतियोगिता – यह प्रतियोगिता दो वर्गों में यथा हिंदीत्तर भाषी वर्ग तथा हिंदीभाषी वर्ग में आयोजित की गई। इसमें स्टाफ सदस्यों को वर्णमाला लिखने के लिए कहा गया जिसमें समय-सीमा तय की गई थी।
2) बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता – यह प्रतियोगिता भी दो वर्गों में आयोजित की गई और यह मौखिक प्रतियोगिता थी। दोनों वर्गों से 20-20 बैंकिंग शब्द (हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी) में पूछी गई।
3) राजभाषा ज्ञान सह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता – यह प्रतियोगिता भी मौखिक थी और यह सम्मिलित रूप से दोनों वर्गों के बीच आयोजित की गई।

**पुरस्कार वितरण समारोह :-**

**दिनांक 03.10.2023 को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया ।**






# हिंदी दिवस - 2023

## पुरस्कार वितरण समारोह :-



# स्वच्छता पखवाड़ा : 15-30 सितंबर, 2023





दिनांक **30.09.2023** को **"स्वच्छता ही सेवा"** स्वच्छता पखवाड़ा, **15-30 सितंबर, 2023** के तहत यूको बैंक अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूको बैंक के स्टाफ सदस्यों ने सिलपुखुरी स्थित सिलपुखुरी पार्क में सफाई अभियान के तहत सम्पूर्ण की साफ-सफाई की । माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं श्रद्धेय महात्मा गांधी की भावना को आत्मसात करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में यूको बैंक अंचल कार्यालय गुवाहाटी के अंचल प्रमुख **श्री सुनीत कुमार झा** के साथ-साथ सभी स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया । इसके अतिरिक्त माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आहवाहन के अनुसार दिनांक **01.10.2023** को 1 घंटा सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत यूको बैंक का सफाई अभियान

गुवाहाटी, 30 सितंबर (पू.सं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन 15-30 सितंबर तक किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत यूको बैंक अंचल कार्यालय, गुवाहाटी द्वारा शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यूको बैंक के स्टाफ सदस्यों ने सिलपुखरी पार्क में साफ-सफाई की। इस कार्यक्रम में यूको बैंक अंचल कार्यालय गुवाहाटी के अंचल प्रमुख सुनीत कुमार झा के साथ-साथ सभी स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आह्वान के अनुसार 1 अक्टूबर को 1 घंटा सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



दैनिक पूर्वोदय

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत यूको बैंक का सफाई अभियान

गुवाहाटी, 30 सितंबर (पू.सं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन 15-30 सितंबर तक किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत यूको बैंक अंचल कार्यालय, गुवाहाटी द्वारा शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यूको बैंक के स्टाफ सदस्यों ने सिलपुखरी पार्क में साफ-सफाई की। इस कार्यक्रम में यूको बैंक अंचल कार्यालय गुवाहाटी के अंचल प्रमुख सुनीत कुमार झा के साथ-साथ सभी स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आह्वान के अनुसार 1 अक्टूबर को 1 घंटा सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**अखबार की सुर्खियों में यूको बैंक का स्वच्छता अभियान**

# नन्हें कलाकार



नाम - सुश्री न्यूशा राज ओयनम
आयु – 12 वर्ष; कक्षा - 6
विद्यालय - देल्ही पब्लिक स्कूल, गुवाहाटी
सुपुत्री - श्रीमती राजकुमारी निमिखा, वरिष्ठ प्रबंधक (सू.प्रौ.), अंचल कार्यालय गुवाहाटी







नाम - मास्टर अयांश नाग
आयु - 4 वर्ष ; कक्षा - केजी
विद्यालय - महर्षि विद्यामंदिर किड्स होम, गुवाहाटी
सुपुत्र - श्री सुमनजीत नाग, अधिकारी, अंचल कार्यालय गुवाहाटी



# जन्मदिन

















स्वास्थ्य का ध्यान रखें

# अखरोट खाने से कम हो जाता है हृदय संबंधी रोगों का खतरा



**अखरोट** में प्रोटीन, कैल्शियम, वसा, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-ई, बी6, कैलोरी समेत कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों में प्रभावी होते हैं। इसके सेवन से मधुमेह समेत दिल की बीमारियों में आराम मिलता है। खासकर हृदय के लिए अखरोट किसी वरदान से कम नहीं है। आइए जानते हैं इसके फायदे के बारे में :-

- **हृदय रोग में फायदेमंद :** बार्सिलोना अस्पताल और लोमा लिंडा विश्वविद्यालय की संयुक्त शोध में खुलासा हुआ है कि रोजाना 30 से 60 ग्राम अखरोट खाने से हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम हो जाता है। साथ ही सूजन 11.5 प्रतिशत कम हो जाती है। इसके अलावा अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। इससे हृदय सेहतमंद रहता है। वहीं अखरोट खाने से अस्थमा में भी आराम मिलता है।

- **दिमाग तेज होता है :** अखरोट खाने से दिमाग तेज होता है। इसमें पाया जाने लगा ओमेगा- 3 फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से तनाव में राहत मिलता है। वहीं दिमाग है। इसके अलावा स्मरण शक्ति बढ़ती है। इसके लिए रोजाना सुबह में अखरोट का सेवन करें।

- **हड्डियां मजबूत होती हैं :** शरीर में कैल्शियम और विटामिन की कमी की वजह से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। वहीं अखरोट में अल्फा-लिनोलेनिक एसिड पाया जाता है। इससे हड्डियां मजबूत -होती हैं। इसके लिए अखरोट दवा के समान है।

- **मेटाबोलिज्म बढ़ाता है :** मुट्ठी भर अखरोट सुस्त पड़े हुए मेटाबोलिज्म को बढ़ा सकते हैं। वे जरूरी फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और पाचन, ग्रोथ और विकास और अन्य मेटाबोलिक प्रक्रियाओं में मदद करते हैं।

साभार - दैनिक पूर्वोदय

# सुरक्षा निर्देशिका:
# कार्य आधारित नौकरी घोटालों से सावधान !




**धोखेबाज लोगों को धोखा देने के लिए ऊंची रणनीति का तेजी से उपयोग कर रहे हैं और इसप्रकार, हाल के दिनों में साइबर अपराध में बढ़ोत्तरी देखी गई है । ऐसा ही एक प्रचलित घोटाला "टास्क आधारित धोखाधड़ी" है, जिसमें आकर्षक अंशकालिक नौकरी के अवसर प्रदान किया जाना शामिल है जो अंततः पीड़ितों के वित्तीय नुकसान और संकट का कारण बनता है।**



## कार्यप्रणाली

व्यक्तियों को टेलीग्राम, व्हाट्सएप आदि जैसे त्वरित संदेश प्लेटफॉर्म, ईमेल, सोशल मीडिया नोटिफिकेशन पर अनचाहे संदेश प्राप्त होते हैं जिसमें सरल ऑनलाइन कार्यों (जैसे वीडियो पसंद करना, समीक्षा लिखना आदि) के लिए ईज़ी मनी की पेशकश की जाती है।

कार्यों को पूरा करने पर व्यक्तियों को उनका विश्वास हासिल करने के लिए, आरंभ में छोटी-मोटी राशि का भुगतान किया जाता है। फिर उन्हें अधिक प्रतिलाभ के वादे के साथ उच्च स्तरीय कार्यों की पेशकश की जाती है और "प्रीपेड कार्यों" प्राप्त करने के लिए अग्रिम शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाता है।

समय के साथ धोखेबाज़ शुल्क की आवश्यकताओं एवं कार्यों की संख्या बढ़ाते हैं और साथ ही व्यक्तियों को "प्रीपेड कार्य" प्राप्त करने के लिए अधिक धन निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिससे कथित रूप से अधिक कमाई होगी।

एक बार जब व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में धन निवेश कर देते हैं, तो धोखेबाज अपने वादे पूरे किए बिना अचानक गायब हो जाते हैं, जिससे पीड़ितों को वित्तीय नुकसान और विश्वासघात का सामना करना पड़ता है।



## अनुपालनीय सर्वोत्तम पद्धति

- ✓ ऑनलाइन कार्यों के लिए ईज़ी मनी की पेशकश करने वाले सोशल मीडिया/त्वरित संदेश प्लेटफॉर्म पर अनचाहे संदेशों के बारे में संदेहशील रहें।
- ✗ अवास्तविक प्रतिलाभ का वादा करने वाले आकर्षक नौकरी प्रस्तावों के झांसे में न आएं।
- ✓ अधिक भुगतान वाले कार्य देने का वादा करने वाले को पैसे भेजने से बचें।
- ✓ आधिकारिक वेबसाइटों/ऐपों से मिले नौकरी-प्रस्तावों, निवेश के अवसरों आदि की वैधता सत्यापित करें।
- ✗ कभी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ लॉगिन क्रेडेंशियल/व्यक्तिगत/संवेदनशील/वित्तीय जानकारी साझा न करें, विशेषकर मैसेजिंग ऐपों पर।
- ✗ किसी भी अजनबी के कहने पर अज्ञात फाइल/ऐप डाउनलोड न करें।

**साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in पर करें या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें।**

Azadi Ka Amrit Mahotsav | यूको बैंक UCO BANK | G20 भारत 2023 INDIA

# यूको बैंक भीम वॉयस को बनाओ अपनी वॉयस

## 11 भाषाओं में उपलब्ध!

**कॉल करें - 08045163777**




- अकाउंट बैलेंस चेक करें
- पैसे भेजें
- मोबाइल नंबर रिचार्ज करें
- एलपीजी बुक करें
- बिजली बिल का भुगतान करें

## कोई डेटा कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं है!

1800-103-0123 (Toll Free) | 8334001234 | 7666399400 | Follow us

**यूको बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) | **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

अंचल कार्यालय , गुवाहाटी | Zonal Office Guwahati